**Title:** Need to look into the irresponsible attitude of a doctor at the Ram Manohar Lohia towards treatment of son of Shri Devendra Prasad Yadav, a sitting MP.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, दो तारीख से राम मनोहर लोहिया अस्पताल की हालत बहुत गंभीर है। वहां इलाज के लिए व्यवस्था बहुत खराब है।**

... (व्यवधान)
मेरे बेटा जो कि सैंट्रल स्कूल में पढ़ता है, उसके पेट का आपरेशन हुआ था। अभी उसके टांके भी नहीं कटे कि एक डाक्टर श्री ए.सी. शर्मा ने कहा कि टांके बाद में कटेंगे।

... (व्यवधान)
उन्होंने कहा कि यह अस्पताल कोई सांसद की जागीर नहीं है, इसे बाहर निकालो।

... (व्यवधान)
यह बड़े शर्म की बात है। जब एक सांसद के साथ ऐसा किया जा रहा है तो आम लोगों के साथ क्या होता होगा? ... (व्यवधान)

**मैं यह कहना चाहता हूं कि जब लोक सभा का सत्र चल रहा है तब इस तरह का व्यवहार किया गया।**

... (व्यवधान)
डाक्टर के उस रवैये की जांच की जानी चाहिए। ... (व्यवधान) वहां डाक्टर इस तरह का व्यवहार करते हैं। जो लड़का १२ घंटे से बेहोश पड़ा है

... (व्यवधान)
उसके पेट का आपरेशन हुआ है। अभी आपरेशन को तीन ही दिन हुए कि उसको बाहर निकाल दिया गया।

... (व्यवधान)
मैं अभी अस्पताल से आ रहा हूं। ... (व्यवधान) मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार की यह कैसी व्यवस्था है? हम यह जानना चाहते हैं कि जब माननीय सदस्य के साथ इस तरह का व्यवहार हो रहा है तो फिर आम लोगों के साथ कैसा व्यवहार होता होगा? मेरा लड़का २० नम्बर कमरे में था लेकिन अब वह २० नम्बर कमरे के बरामदे में पड़ा हुआ है।

... (व्यवधान)
मैं अभी वहां से ही आया हूं।

... (व्यवधान)
यह विषय बहुत गंभीर है।

... (व्यवधान)
उस डाक्टर को सस्पैंड करना चाहिए।

... (व्यवधान)

THE MINISTER OF POWER (SHRI P.R. KUMARAMANGALAM): Mr. Speaker, Sir, It is unfortunate that this situation has arisen and the hon. Member is so pained by something which is so personal. I agree that it is unfortunate. I would bring it to the notice of the hon. Minister and immediate action would be taken. With regard to what they have said, I would like to assure you that I would bring it to the notice of the hon. Prime Minister who is actually the appropriate Minister to deal with this matter. The CBI comes under his jurisdiction. I am sure that he would respond to it. ... (Interruptions)